मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-25
23/01/2024

मुख्यमंत्री ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर उन्हें नमन किया

पटना, 23 जनवरी 2024 :– नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर आज राष्ट्र ने उन्हें नमन किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पटना में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन गाँधी मैदान के दक्षिणी पूर्वी कोने पर अवस्थित सुभाष पार्क में किया गया, जहाँ राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री श्री रत्नेश सादा, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, जदयू नेता श्री राजीव रंजन प्रसाद, राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने संयुक्त सशस्त्र बल की सलामी ली साथ ही एन0सी0सी0 कैडेट एवं स्काउट गाइड के परेड का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन, कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

******